**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 24 मई 2024, समय 1810 (10 मिनट))**

- लोकसभा चुनाव के छठे चरण में 58 संसदीय सीटों पर कल होगा मतदान, हरियाणा की सभी दस 10 सीटों पर सुबह डाले जाएंगे वोट, कई दिग्गजों की किस्मत ईवीएम में होगी कैद।
- हरियाणा में कल होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियां अंतिम चरण में, पलिंग पार्टियां ईवीएम, वीवीपैट व अन्य चुनावी सामग्रीयां लेकर मतदान केंद्रो पर हुई रवाना।
- पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की बैठक, कहा-सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर रहेगी कड़ी नजर, लोग निडर होकर करें मताधिकार का प्रयोग।
- अंबाला में दिल्ली-जम्मू नेशनल हाइवे पर हुई सड़क दुर्घटना में छह लोगों की हुई मृत्यु, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुर्घटना पर गहरा शोक जताया।

..................................................................................................................

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में कल 58 संसदीय सीटों पर मतदान होगा। इस चरण में हरियाणा की सभी दस, बिहार की आठ, झारखंड की चार, दिल्ली की सभी सात, ओडिशा की छह, उत्तर प्रदेश की 14, पश्चिम बंगाल की आठ और जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर वोट डाले जाएंगे। मतदान सुबह सात बजे से शुरू होगा।

छठे चरण में राजनीतिक गलियारे के कई प्रमुख नेताओं की किस्मत ईवीएम में कैद हो जाएगी। इसमें कांग्रेस की ओर से दीपेंद्र सिंह हुड्डा, कुमारी सैल्जा, राज बब्बर और कन्हैया कुमार हैं। चुनाव आयोग ने संसदीय क्षेत्रों में सुचारू और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्था की है।

मतदान केंद्रों पर छाया, पीने के पानी, रैंप, शौचालय, व्हीलचेयर से लेकर बिजली तक की बुनियादी सुविधाएं दी गई हैं जिससे बुजुर्ग और दिव्यांग व्यक्तियों सहित प्रत्येक मतदाता आसानी से अपना वोट डाल सकें। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारियों, जिला चुनाव अधिकारियों और संबंधित अधिकारियों को गर्मी की स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त उपाय करने की सलाह दी गई है। मतदान क्षेत्रों में किसी भी अप्रिय घटना से बचने और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है।

..............................................................................

हरियाणा में कल 25 मई को होने जा रहे लोकसभा चुनाव के लिए मतदान की तैयारीआं  पूरी कर ले गई है। प्रदेश में कुल लगभग 20,031 पोलिंग बूथ्स है जहाँ पर पोलिंग पार्टियां ईवीएम, वीवीपैट व अन्य चुनावी सामग्रीयां लेकर रवाना हो चुकी है । इससे पूर्व सभी चुनाव अधिकारियों को मतदान मतदान के संदर्भ में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। यह पोलिंग अधिकारी और कर्मचारी आज रात पोलिंग स्टेशन पर ही रहेंगे और सुबह से मतदान प्रक्रिया को शुरू करवाएंगे। चुनाव आयोग की ओर से पोलिंग कर्मचारियों को किसी भी तरह की लापरवाही  न बरतने के निर्देश भी दिए गए। चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त किए गए स्पेशल सामान्य आब्जवर राम मोहन मिश्रा ने लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत की गई तैयारियों बारे समीक्षा करते हुए आज आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वही, करनाल के उपमंडल अधिकारी अनुभव मेहता ने बताया कि आज शाम तक यह सभी कर्मचारी अपने-अपने बूथ को व्यवस्थित कर लेंगे ताकि कल पोलिंग प्रक्रिया को सुचारू तरीके से सम्पन्न कराया जा सके। करनाल विधानसभा के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि इसके लिए 225 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं और दो सहायक बूथ है। हर बूथ पर एक पोलिंग पार्टी रहेगी जिसमें 6 सदस्य रहेंगे। लोकसभा और विधानसभा चुनाव को देखते हुए हर बूथ पर दो मशीन उपलब्ध होगी।

..............................................................................

कैथल में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर करीब 2600 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। करीब 386 जगहों पर स्थित 807 बूथ पर मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। पुलिस अधिक्षक उपासना ने कहा कि पोलिंग पार्टी द्वारा ईवीएम मशीन प्राप्त होते ही सभी कर्मियों की चुनाव ड्यूटी शुरू हो जाती है।

सिरसा के ऐडीसी विवेक भारती ने बतायाकि मतदान को लेकर त्यारियां पूरी कर ली गई है। सुरक्षा के लिए पुलिस बलों की तैनाती कर दी गई है।

.................................................................................

पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने आज पंचकूला स्थित पुलिस मुख्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश में मतदान के दिन सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्व, हरियाणा पुलिस के रडार पर रहेंगे। ऐसा करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कई बार कुछ शरारती तत्व मतदान केन्द्र की फर्जी वीडियो आदि सोशल मीडिया पर वायरल कर देते हैं जिससे कानून व्यवस्था बाधित होती है। सोशल मीडिया पर इस प्रकार की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए हरियाणा पुलिस की टीमें अलग-2 स्तर पर मॉनीटरिंग करते हुए सक्रियता से कार्य करेगी और फर्जी वीडियो डालने वालो पर कड़ी र्कारवाई होगी। उन्होंने आमजन से भी यह अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाले ऐसे वीडियोज को अपने सोशल मीडिया अकाउंट से शेयर न करें। यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की वीडियो को सोशल मीडिया पर चलते हुए देखता है तो हरियाणा पुलिस के हेल्पलाइन नंबर-112 अथवा नियंत्रण कक्ष के हैल्पलाइन नंबर 0172-2570070 पर इसकी जानकारी दें। उन्होंने बताया कि मतदान प्रक्रिया के दौरान शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अंतरराज्यीय सीमाओं तथा जिलों में लगाए गए नाकों पर फूलप्रूफ सीलिंग प्लान लागू किया गया है।

.................................................................................

आज सुबह अंबाला में हुए सड़क हादसे में 6 लोगो की मौत हो गई और 25 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया।

राष्ट्रपति ने एक्स पर दुख जताते हुए अपने संदेश में कहा कि ''अंबाला में हुई सड़क दुर्घटना में कई श्रद्धालुओं की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। इस दुर्घटना में स्वजनों को खोने वाले शोक संतप्त परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। मैं घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।''

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हादसे पर शोक व्यक्त करते हुए एक्स पर कहा कि ''अंबाला में हुआ सड़क हादसा अत्यंत पीड़ादायक है। इस दुर्घटना में जिन्होंने अपनों को खोया है, उन शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा है।''

.................................................................................

हरियाणा में 10 लोकसभा और करनाल विधानसभा सीट के लिए 25 मई को मतदान होगा। प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान किया जाएगा। हरियाणा के 2 करोड़ 76 हजार 768 पंजीकृत मतदाता उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने प्रदेश के मतदाताओं से अपील की है कि घरों से बाहर निकल कर अपने मतदान केंद्र पर अवश्य जाएं और अपने मताधिकार का प्रयोग करके विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत के सबसे बड़े पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में कुल 20,031 मतदान केंद्र बनाये गए हैं। इनमें 19,812 स्थाई तथा 219 अस्थाई मतदान केंद्र शामिल हैं। शहरी क्षेत्रों में 5,470 तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 14,342 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि 176 आदर्श मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। 99 मतदान केंद्र ऐसे हैं जो पूरी तरह से

महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित किए जाएंगे। इसके अलावा, 96 मतदान केंद्र यूथ कर्मचारी तथा 71 मतदान केंद्र दिव्यांग कर्मचारी ड्यूटी पर रहेंगे। सभी मतदान केंद्रों में सभी मूलभूत सुविधाओं सहित हीट वेव के मद्देनजर अन्य आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि रिटर्निंग अधिकारियों के अलावा लगभग 96 हजार से अधिक अधिकारी व कर्मचारी (सुरक्षा बलों को छोड़कर) मतदान केंद्रों में डयूटी पर रहेंगे। इसके अलावा उड़न दस्ते, ऑब्जर्वर के साथ माईक्रो ऑब्जर्वर अलग अलग मतदान केन्द्रों पर मौजूद रहेंगें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए आयोग की ओर से सारे पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान के दिन स्कूली बच्चे भी चुनाव का पर्व-देश का गर्व में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें, इसके लिए भी अनूठी पहल की गई है, जिसमें स्कूली बच्चों को नगद इनाम से पुरस्कृत किया जाएगा। इस पहल के तहत बच्चों द्वारा आज मतदान के दिन वोट करने के बाद परिवार के मतदाताओं की उंगली पर लगी नीली स्याही के साथ सेल्फी अपलोड करनी है। जिला स्तर पर ड्रॉ के माध्यम से प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेताओं को क्रमशः 10 हजार रुपये, 5 हजार रुपये और 2.5 हजार रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस पहल के तहत जिले के जिस स्कूल के विद्यार्थी सबसे अधिक सेल्फी अपलोड करेंगे, उस स्कूल को भी 25 हजार रुपये का विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। सेल्फी अपलोड करने के लिए https://www.ceoharyana.gov.in/ पोर्टल पर एक लिंक विकसित किया गया है, जोकि मतदान के दिन यानी 25 मई को प्रातः 7 बजे से मतदान के साथ ही सेल्फी अपलोड करने का लिंक स्कूली बच्चों के लिए खुल जाएगा और रात्रि 8 बजे तक सेल्फी अपलोड की जा सकेगी।

..............................................................................